



## एक नजर में

### लाखों के अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते दो महिला सहित तीन गिरफ्तार

**रतलाम/आलोट।** जिले में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए दो महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 1 लाख 13 हजार की अवैध मादक पदार्थ (डोडाचूरा) सहित तीन मोबाइल भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने एनडीपीएस के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को जिले के आलोट थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के आसपास अवैध माता पदार्थ की तस्करी हो रही है। मुखबीर की सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो की तरफ जंगल से तीन आरोपी रानो पति टोनी बाजीगर 50 वर्षीय निवासी बलजोट नगर करतारपुर जिला जालंधर पंजाब, सीमा पिता पाली बाजीगर 26 वर्षीय निवासी संगवाल थाना वीलबा जिला जालंधर तथा आरोपी रामसिंह पिता बद्रीसिंह गुर्जर 35 वर्षीय निवासी कनाहेडा थाना सुवासरा जिला मंदसौर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की जांच करने पर पुलिस को आरोपियों से दो ट्राली बेग और तीन हैंड बेग के अंदर भरे सफेद प्लास्टिक के पैकेट में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा 56 किलो 700 ग्राम जिसकी कीमत 1 लाख 13 हजार के साथ तीन मोबाइल बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों पर पुलिस ने एनडीपीएस के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड लिया। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ के खरीदने एवं बेचने के संबंध में पूछताछ कर रही है। तस्करी के आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरी. मुनेन्द्र गौतम, उनि मनोज पाटीदार, सउनि अशोक चौहान, आर दीपक पाटीदार, आर अभिनन्दन, आर अंकित काला, आर बाबुलाल मालवीय, मआर रचना गुजराती आर रोनक पोरवाल, आर बहादुर सिंह चौहान, आर. गोविन्दराम, मआर. सुनिता का सराहनीय योगदान रहा है।

### आरपीएफ ने 50 हजार का छूटा बैग यात्री को लौटाया

**रतलाम।** रेल सुरक्षा बल की चुस्ती से नागदा स्टेशन पर एक यात्री को उसका मूल्यवान सामान महज कुछ घंटों में लौटा दिया गया। पश्चिम रेलवे रतलाम मण्डल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गाड़ी संख्या 22943 (पुणे–इंदौर) के बी–1 कोच सीट 56 पर यात्रा कर रहे यात्री श्री अनिल जैन का काला पिट्ठू बैग रतलाम उतरने के बाद भूल गया था। रेल मदद पर प्राप्त शिकायत पर एएसआई श्री सोहनलाल ने तत्काल कार्रवाई की। नागदा प्लेटफार्म नंबर तीन पर गाड़ी के पहुंचते ही आरपीएफ पोस्ट की एस्कॉर्टिंग पार्टी—हेड कांस्टेबल श्रीमती कंचन मीणा एवं दो जवानों—के सहयोग से बैग बरामद किया गया। इसमें लैपटॉप सहित अन्य सामान सुरक्षित था। श्री सोहनलाल की देखरेख में बैग को यात्री के भाई/मित्र श्री बृजेश बोहरा को सौंपा गया, जिन्होंने जांच के बाद सब कुछ ठीक बताते हुए कीमत 50,000 रुपये आंकी। फीडबैक फॉर्म भरवाने के साथ ही यात्री को ऑनलाइन संतुष्टि दर्ज करने को कहा गया। इस अभूतपूर्व कार्रवाई पर श्री अनिल जैन ने आरपीएफ का धन्यवाद दिया। रेल सुरक्षा बल ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए रेल मदद ऐप या 139 पर तुरंत शिकायत दर्ज करें। रतलाम मंडल में ऐसी त्वरित सहायता से यात्रियों में विश्वास बढ़ा है।

### नपा कर्मचारियों का स्नेह सम्मेलन आज

**जावरा।** नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ के तत्वावधान में नगर पालिका टाउन हॉल में सोमवार 11 होगा नगर पालिका कर्मचारियों का स्नेह सम्मेलन आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे। डॉ. राजेन्द्र पांडे (विधायक जावरा) बालमुकुंद पाटीदार (भारतीय मजदूर संघ प्रदेश मंत्री) सुरेंद्र शर्मा (जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ) श्रीमती अनम युसूफ कडपा (नगर पालिका अध्यक्ष) राहुल शर्मा (मुख्य नगर पालिका अधिकारी जावरा) सुशील कोचट्टा (नगर पालिका उपाध्यक्ष) राजेश शर्मा (भाजपा नगर अध्यक्ष) अजय सिंह भाटी (नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि) राजीव आर्य (नगर मंत्री भा म संघ) एवं नगर पालिका परिषद के समस्त पार्षदगण व सभापति। नगर पालिका कार्यरत समस्त कर्मचारी सादर आमंत्रित है।

### 18 वर्ष पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों के नाम जुड़ रहे मतदाता सूची में

**जावरा।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 222 जावरा के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय कालूखेड़ा में मतदाता सूची में युवाओं के नाम सम्मिलित करने हेतु दो दिवसीय विशेष कैंप आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के डॉ विजय कुमार दीक्षित, डॉ प्रमोद गिरी, डॉ सतीश जायसवाल, प्रो चोखालाल डोडिया ने छात्र–छात्राओं से फॉर्म नंबर 6 भरवाए। कैंप में युवा छात्रों ने विशेष रुचि प्रदर्शित कर मतदाता सूची में अपने नाम जुड़वाने हेतु अहम भूमिका का निर्वहन किया। महाविद्यालय के समस्त 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो हिरा चौहान ने समस्त विद्यार्थियों से आग्रह किया कि जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो जाए वह तुरंत अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं।

### 118 विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में की सहभागिता

**जावरा।** सांदीपनि विद्यालय जावरा में विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसमें विकासखंड के विभिन्न जनशिक्षा केंद्रों के लगभग 77 विद्यालयों के चयनित 118 विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में सहभागिता की। उक्त जानकारी देते हुए प्रतियोगिता संयोजक प्राचार्य राजेंद्र बोस ने बताया कि विविध विषयों जैसे गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण पर आधारित मॉडलों एवं चार्ट की प्रभावी प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें डी.सी. मोटर, जल शुद्धिकरण यंत्र, वृत परिमाप, जोड़क मशीन, वर्षा जल संचयन, इंडिया गेट, कृषि सिंचाई यंत्र, सौरमंडल, यातायात संकेतक, आदर्श ग्राम पंचायत प्रमुख रहे। प्रदर्शनी का उद्घाटन सहायक संचालक शिक्षा सुश्री ज्योति पटेल ने किया। विकासखंड स्तर पर विज्ञान में प्रथम शासकीय महावीर गोंदी शंकर के लक्ष्य बैरागी द्वितीय शा. मा.वि. सुजानपुर की कुमारी शीतल मालवीय, गणित में प्रथम शा. महावीर गंज की कुमारी आरती यशोदा, द्वितीय शा. मा. गोदीशंकर के योगेंद्र सिंह, पर्यावरण में प्रथम शा. सांदीपनि विद्यालय बड़ावदा के पृथ्वीराज सिंह सिसोदिया तथा द्वितीय शा. मा. वि. बोरवाना की कुं. रंजना रमेश, सामाजिक विज्ञान विषय म अंतर्गत इतिहास में प्रथम शा. कन्या मा. वि. कलालिया की कुमारी खुशी, भूगोल में प्रथम शा. मा. वि. पिपलिया जोधा के सूरज रायकवार तथा राजनीति विज्ञान में प्रथम स्थान शा. मा. वि. डोडियाना की कु. दीपिका रही। पर्यावरण गीत में शा. मा. वि. बोरदा के अनिल चंद्रवंशी, भाषण में शा. मा. वि. रिंगनोद के मयूर सुनील तथा लघु नाटिका में प्रथम शा. मा. वि. काटजू क्र. 01 जावरा के विद्यार्थी रहे। समापन सत्र की मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य श्रीमती आरती सिसोदिया ने सभी विजेताओं और उपविजेताओं को व्यक्तिगत रूप से नगद पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि संकुल प्राचार्य सुमित्रा बामनिया ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर वर्षा तिवारी, मुकेश गहलोत, देवराम मतानिया, असीम शोत्रिय, नीता शर्मा, सुनील कोठाने, सादिक खान, महेंद्र पाल सिंह, अशोक मोजाल्दे, एस. एन. धाकड़ आदि उपस्थित थे. संचालन सौरभ गुप्ता ने एवं आभार बी.एस.सी. राजेश भावसार ने व्यक्त किया। विकासखंड स्तर पर चयनित समस्त प्रतिभागी 15 जनवरी को जिला स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में सहभागिता करेंगे।

### सेवा कार्य के रूप में एक दिवसीय शिविर लगा

**पिपलोदा।** शासकीय महाविद्यालय पिपलोदा द्वारा जिला दिव्यांग छात्रावास पिपलोदा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत सेवा कार्य के रूप में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा दिव्यांग छात्रों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक, आवासीय एवं खेल संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की गई तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझा गया। शिविर के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर प्रकाश कुमार भलसे रहे। कार्यक्रम को डॉ. अनीता लोखाड़िया, डॉ. श्वेता जोशी, डॉ. सरिता सोनी, डॉ. माला वर्मा, प्रोफेसर विपिन सिंह राजपूत एवं प्रोफेसर रजनीश चौधरी ने संबोधित किया। वक्ताओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के वंचित एवं विशेष आवश्यकता वाले वर्गों के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भाव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन दिव्यांग छात्रावास के वार्डन अंबाराम बोस द्वारा किया गया, जबकि आभार सहायक वार्डन कन्हैयालाल बोस ने माना। शिविर में एनएसएस स्वयंसेवकों एवं छात्रावास स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# गौमांस तस्करी को लेकर हिन्दू संगठनों का प्रदर्शन, चक्काजाम

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** गौमांस तस्करी के विरोध में रविवार को हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने बाजना बस स्टैंड चौराहे पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि जिले में गौमांस परिवहन और तस्करी की जा रही हैं।

**आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दो घंटे तक किया प्रदर्शन**

गौमांस परिवहन को रोकने और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर रविवार को बाजना बस स्टैण्ड पर गौरक्षा दल व हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम स्थल पर अनेक पुलिस अधिकारी मौजूद है और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश करते रहे। बताया जा रहा है कि वीर भगतसिंह गौरक्षा दल के सदस्यों को यह सूचना मिली थी कि प्रत्येक रविवार को कुछ संदिग्ध व्यक्ति रतलाम से गौमांस लेकर मोरवनी की ओर जाते है। सूचना के आधार पर गौरक्षा दल के सदस्यों ने मोरवानी मार्ग



पर निगाहबीनी की। सुबह करीब नौ बजे पांच मोटर साइकिलों पर कुछ लोग मांस को बोरों में बान्ध कर ले जाते नजर आए। गौरक्षा दल के सदस्यों ने इन मोटर साइकिल सवारों को रोकने की कोशिश की, लेकिन इनमें चार मोटर साइकिल सवार तो वहां से भाग गए, जबकि एक मोटर साइकिल सवार को पकडने की कोशिश के दौरान वह व्यक्ति मोटर साइकिल वहीं छोड कर भाग निकला। इस मोटर साइकिल पर दो बोरों में गौमांस भरा हुआ होने की बात कही जा रही।

चक्काजाम की सूचना मिलते ही दीनदयाल नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव, सीएसपी सत्येन्द्र घनघौरिया समेत बडी संख्या में पुलिस बल मौके पर पंहुच गया। पुलिस ने गौरक्षा दल के सदस्यों द्वारा बरामद किए गए मांस को जांच के लिए पशु चिकित्सा विभाग को भेजा है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि बरामद पशु मांस गौमांस है या नहीं? यह स्पष्ट होने के बाद ही पुलिस आपराधिक प्रकरण दर्ज करने जैसी कार्यवाही कर सकेगी।

**आरोपियों की तत्काली गिरफ्तारी की मांग**



कुछ संदिग्ध व्यक्ति गौमांस लेकर जाने की सूचना पर गौरक्षा दल के सदस्यों ने मोरवानी मार्ग पर निगाहबीनी की। पांच मोटर साइकिलों पर कुछ लोग मांस को बोरों में बान्ध कर ले जाते नजर आए। मोटर साइकिल सवारों को रोकने की कोशिश की, लेकिन इनमें चार मोटर साइकिल सवार भाग गए वहीं एक वाहन चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। सदस्यों ने गौमांस के इन बोरों को लेकर बाजना बस स्टैण्ड पर चक्काजाम कर दिया। उनकी मांग है कि गौमांस का व्यवसाय करने वाले आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए।

## घर के बरामदे में बुजुर्ग का शव संदिग्ध स्थिति में मिला, हत्या की आशंका

नवभारत न्यूज

**रतलाम/नामली।** जिले के नामली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिखेड़ी में एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। रविवार सुबह नई आबादी क्षेत्र में स्थित उनके घर के बरामदे में शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे हत्या का मामला मानते हुए जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान गणपत के रूप में हुई है, जिनकी उम्र करीब 65 से 70 वर्ष बताई जा रही है। सूचना मिलते ही रतलाम से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा, ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला, एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल और नामली थाना प्रभारी गायत्री सोनी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ की।

पुलिस ने मौके पर पंचनामा तैयार कर शव को सुबह करीब 11:15 बजे पोस्टमार्टम के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि शनिवार रात मृतक का परिवार के ही किसी सदस्य से विवाद हुआ था, हालांकि विवाद के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है।

**सिर पर चोट के निशान**

बुजुर्ग के सिर पर चोंट के निशान पाए गए हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उन पर किसी ने हमला किया, और उसी के चलते उनकी मौत हुई। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## हिन्दू सम्मेलन : शहर में 45 स्थानों पर हुए भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** हिन्दू सम्मेलनों रविवार को शहर में 45 से अधिक स्थानों पर आयोजित हुआ। इसमें जहां एकता का परिचय दिया गया वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए।

**सम्मेलनों में हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में रतलाम नगर में कुल 45 बस्तियां बनाई गई थी और प्रत्येक बस्ती का हिन्दू सम्मेलन रविवार को ही आयोजित किया गया था। प्रत्येक सम्मेलन में आशीर्वचन देने के लिए एक संत उपस्थित थे, जबकि संघ के पंच परिवर्तनों की जानकारी देने के लिए मातृशक्ति वक्ता के रुप में उपस्थित थी। संघ स्थापना के सौ वर्षों की यात्रा और इस अवधि में संघ के सामने आई चुनौतियों, बाधाओं के साथ साथ संघ के माध्यम से समाज में आए सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी देने के लिए संघ के कार्यकर्ताओं ने सम्मेलनों को सम्बोधित किया।




प्रत्येक हिन्दू सम्मेलन में बस्तियों के बच्चों द्वारा देश प्रेम से ओत प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों ने देश भक्ति पूर्ण गीत और सुमधुर भजन प्रस्तुत किए। देश भक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। सम्मेलनों के समापन पर स्नेहभोज भी आयोजित किए गए थे। प्रत्येक बस्ती में आयोजित हिन्दू सम्मेलनों के लिए बस्ती के ही नागरिकों से आर्थिक सहयोग लिया गया था और लोगों ने इसमें बढ चढ कर हिस्सा लिया और सम्मेलनों के लिए सहयोग दिया। उल्लेखनीय है कि बस्तीश: हिन्दू सम्मेलनों की तैयारियां पिछले लम्बे समय से की जा रही थी। संघ के कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर सम्मेलन के न्यौते दिए थे। इसी का परिणाम था, कि रविवार को इन सम्मेलनों में डेढ लाख से अधिक लोग जुटे। इन सम्मेलनों में पुरुषों के साथ बडी संख्या में नारी शक्ति और बच्चे भी शामिल हुए। प्रत्येक बस्ती के गणमान्य नागरिकों ने भी इन सम्मेलनों में भागीदारी की। हिन्दू सम्मेलनों में बडी संख्या में निर्वाचित जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी. डाक्टर्स, इंजीनियर, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट, व्यवसायी इत्यादि तो शामिल हुए ही, नगर की आर्थिक रुप से कमजोर बस्तियों के परिवारों ने भी सम्मेलनों में बढ१ चढ कर हिस्सेदारी की।

**भजन गूंजे, बच्चों ने दी प्रस्तुतियां**

प्रत्येक हिन्दू सम्मेलन में बस्तियों के बच्चों द्वारा देश प्रेम से ओत प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों ने देश भक्ति पूर्ण गीत और सुमधुर भजन प्रस्तुत किए। देश भक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। सम्मेलनों के समापन पर स्नेहभोज भी आयोजित किए गए थे। प्रत्येक बस्ती में आयोजित हिन्दू सम्मेलनों के लिए बस्ती के ही नागरिकों से आर्थिक सहयोग लिया गया था और लोगों ने इसमें बढ चढ कर हिस्सा लिया।

## सशक्त राष्ट्र निर्माण में संगठित हिंदुत्व की आवश्यकता : चौधरी

नवभारत न्यूज

**सैलाना।** सशक्त राष्ट्र के निर्माण के संगठित हिंदुत्व की महत्ती आवश्यकता है। राष्ट्र की समप्रभुता को लेकर संघ द्वारा एक शताब्दी पूर्व रोपित पौधा आज

**श्री राम बस्ती व महावीर बस्ती सम्मेलन में हजारों हिन्दुओं ने की सहभागिता**

वटवृक्ष बन फलीभुत होता दिखाई दे रहा है 500से ज्यादा समय से लंबित विवादित श्री राम मंदिर का मामला हो या दो निशान –दो प्रधान व दो संविधान लिए जम्मू कश्मीर से धारा 370का हटने के साथ अखंड भारत का हिस्सा बनना संगठित व सशक्त हिंदुत्व का परिणाम है। सशक्त राष्ट्र निर्माण मे आज संघ कार्यकर्ता की जवाबदेही पहले से ज्यादा है, वर्तमान मे संगठन 5 प्रमुख बिन्दुओ पर सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण सरंक्षण,



नागरिक कर्तव्य व स्व भाव जागरण को लेकर कार्य कर रहा है जिसमे सभी हिन्दुओ को सहयोग व सहभागिता निभानी है उक्त बौद्धिक श्री राम बस्ती मे आयोजित हिन्दू सम्मेलन मे विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सेवा प्रमुख मुकेश चौधरी ने अपने सम्बोधन मे व्यक्त किए।

पूर्व प्राचार्य नीता लोढ़ा व भगवताचार्य कुलदीप भट्ट ने भी अपना सम्बोधन दिया। वही महावीर बस्ती मे आयोजित हिंदू सम्मेलन को भगवताचार्य विनोद शर्मा व्याख्याता डा कल्पना जयपाल व पूर्व प्रचारक लखन धनगर ने सनातन धर्म, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर अपने विचार रखे। एक ही समय अलग अलग बस्तीयो मे आयोजित सम्मेलन मे हजारों हिन्दुओ ने सामाजिक समरसता के तले भोजन प्रसादी ग्रहण की। सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत–महात्मा, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी एवं नगर वासी उपस्थित थे। समारोह में शास्त्र व शस्त्र को लेकर विभिन्न प्रकार की पुस्तको, परंपरागत शस्त्र, तथा स्वदेशी उत्पादन आदि की प्रदर्शनी भी लगाई गईं जिसमे दैनिक उपयोग मे ली जाने वाली विदेशी वस्तुओ से भी सचेत किया गया।

**कलश यात्रा निकली**

कार्यक्रम के पूर्व दोनों बस्तीयो मे प्रथक प्रथक स्थानों से कलश यात्रा व शोभा यात्रा निकली जिसमे बड़ी संख्या मे महिला व श्रद्धालुओं ने भाग लिया इस दौरान पूरा नगर सनातन संस्कृति से सरोबार रहा कार्यक्रम के दौरान मंच पर दुर्गावाहिनी बहनो ने शस्त्र संस्कृति की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। सम्मेलन के चलते नगर के नागरिको ने दोपहर तक स्वेच्छापूर्वक व्यवसाय बंद रखकर कार्यक्रम में सहभागिता की।



## स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें : पद्मश्री डॉ. जोशी

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** हम सभी सेवा के दौरान विभिन्न गतिविधियों में संलग्न रहने से हमारा स्वास्थ्य सही रहता है लेकिन जैसे ही हम सेवानिवृत्ति होते हैं तो हम आराम की ओर सोचते हैं लेकिन यह गलत सोच है लेकिन जिस प्रकार से हम सेवा के दौरान व्यस्त रहते हैं उसी प्रकार से सेवानिवृत्ति के बाद भी हमें स्वस्थ बने रहने के लिए योग, प्राणायाम एवं सामाजिक, धार्मिक गतिविधियों में संलग्न रहना चाहिए तथा अपने आप को स्वस्थ रखना चाहिए उपरोक्त विचार रतलाम रेल मंडल के अधिकारी पेंशनर्स एसोसिएशन के नव वर्ष के अवसर पर आयोजित वर्ष की प्रथम बैठक के दौरान दो बत्ती स्थित एक निजी होटल में संगठन की अध्यक्ष पद्मश्री डॉक्टर लीला जोशी ने व्यक्त किये। आपने कहा कि सेवा के पश्चात हम हमारे पारिवारिक कार्यक्रमों में भी व्यस्त रहते हैं सभी जवाबदारियों का निर्वाह करते हैं। सचिव ने आगामी एक वर्ष में आयोजित होने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सेवानिवृत्त रेल अधिकारी सुरेश बरमेचा, आर पुंडीर, सुनील पुरंदरे, सुरेश चंद्र व्यास, आर के ममतानी, पी सी चौधरी, एल कायस्थ, टी एस कुंगवानी, अजय कुमार, एल एस शर्मा, एससी गोयल, वीके यादव, आरएच परदेसी, बीएस सक्सेना, पी परमार, आर सी विमल, प्रभु लाल रावल आदि उपस्थित रहे।




## त्रिमूर्ति बना स्कूल प्रीमियम लीग के चौथे सत्र का विजेता

**जावरा।** कृष्णा फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्कूल प्रीमियर लीग के चौथे संस्करण का समापन हुआ, विजेता त्रिमूर्ति स्कूल रहा। कार्यक्रम के अंतिम दिन क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच सेंटपॉल और त्रिमूर्ति स्कूल के बीच हुआ। जिसमें सेंट पॉल स्कूल विजयी रहा। पॉइंट गणना के अनुसार त्रिमूर्ति स्कूल शीर्ष पर रहा। मैच के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह महेंद्रसिंह बामनखेडी, महेश सोनी जिला महामंत्री भाजपा, एजी पठान प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय, पुष्पेंद्रसिंह सोलंकी सीनियर बास्केटबॉल खिलाड़ी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिनका स्वागत रूपेंद्रसिंह चौहान, अजय वर्मा, गौरव कछावा, महेंद्र सिंह, पीयूष कैथवास ने किया। कार्यक्रम का संचालन दीपशी ठक्कर ओर अलीना पामेचा ने किया। आभार रवि शर्मा ने माना।

**आयोजन** — केदारनाथ बस्ती में सनातनी बंधुओं का हिन्दू सम्मेलन हुआ आयोजित

## चार हिन्दू एक दिशा में जब चलते हैं, जब पांचवा कंधे पर होता है

नवभारत न्यूज

**जावरा।** आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिन्दू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कडी में रवीवार को नया माली पूरा स्थित मठ मन्दिर परिसर मे आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हिन्दू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कडी में रवीवार को नया माली पूरा स्थित मठ मन्दिर परिसर केदारनाथ बस्ती मे सनातनी बंधुओं का हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुआ। केदारनाथ बस्ती मे आयोजित सम्मेलन मे मंचासिन अतिथि संत श्री 1008 प्रकाशानंद महाराज बरखेड़ी एवं भीलवाड़ा धाम रहै। मुख्य वक्ता विक्रमसिंह संघ प्रचारक




प्रांतधर्म जागरण प्रमुख, समाज प्रमुख भेरुलाल सोनगरा, यशवंत कलोसिया आदी रहे। वक्ताओ ने कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 1925 से शुरू हुवा, हिन्दू संघठित नही हो सकता हिन्दू को संघठित करना मतलब मेंढकों को तोलने के समान है चार हिन्दू एक दिशा में जब चलते हैं जब पाचवा कंधे पर होता है ये नागपुर का संगठन नागपुर से बाहर नही जाएगा आज 50 से अधिक देशो में आरएसएस स्थापित है। हिंदू सम्मेलन जरूरी है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी बड़े–बड़े मंचों से बोलते हैं, एक रहोगे तो सुरक्षित रहोगे, बटोगे तो कटोगे। बागेश्वर बाबा भी कहते हैं, हिंदू में अनेक देवी देवता है आपको जिसको पूजना है उसकी पूजा कीजिए, हमारा धर्म कहता है प्राणियों में सद्भावना हो विश्व का कल्याण हो, यह किसी एक के लिए नहीं प्रत्येक नागरिक के लिए कहता है। अतिथि परिचय जितेंद्र देवड़ा ने दिया। देश भक्ती गीत मनीष मौर्य, उमेश अरोड़ा ने प्रस्तुत किया।

**यह रहे मौजूद**

सहसंयोजक रमेश देवड़ा, मनोहरलाल दहिया, सतीश सैनी, दीपक बैरागी, हाईवे प्रमुख रोहित बनोपा, राहुल गहलोत, अश्विन राठौड़, शुभम धनोतिया, चिराग मौर्य, जय धनोतिया, गौरव सोलंकी, दीपांशु शर्मा, दीपक गहलोत, कमलेश दहिया, दक्ष दहिया, सोनू रावल, भूपेंद्र पवार, नंदन पटेल, विजय विजवा, चंद्रप्रकाश सोलंकी, विक्की लिलोरिया, मोहन विजवा, अजय सैनी और सकल हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे।